भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2471**

उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025
24 अग्रहायण, 1947 (शक)

# खेलों के लिए खेलो इंडिया राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई निधियाँ

**2471. श्री थरानिवेंथन एम. एस. :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खेलो इंडिया-राष्ट्रीय कार्यक्रम (केआई-एनपी) की शुरूआत से इसके अंतर्गत खेलों के विकास के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधियों का विशेष रूप से तमिलनाडु सहित राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस योजना के तहत तमिलनाडु विशेष रूप से अरनी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कितने एथलीटों, स्कूलों और प्रशिक्षण केंद्रों का चयन या सहयोग किया गया है;

(ग) क्या खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी) की स्थापना खेल बुनियादी ढांचे के उन्नयन, या प्रशिक्षण अकादमियों की स्थापना के लिए तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत कोई प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास लंबित है तथा ऐसे प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने, ग्रामीण खेल प्रतिभाओं का पोषण करने और तमिलनाडु में खेलों में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(ङ) क्या सरकार का विचार दक्षिणी राज्यों, विशेष रूप से तमिलनाडु और उक्त निर्वाचन क्षेत्र में वित्तीय सहायता बढ़ाने और प्रतिभा पहचान समर्थन को मजबूत करने का है जहां खेल क्षमता का कम उपयोग किया जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क): इस मंत्रालय के अंतर्गत खेलो इंडिया स्कीम में निधियों का आवंटन एवं निर्गम स्कीम-वार किया जाता है, राज्य-वार नहीं। खेलो इंडिया स्कीम के प्रारंभ से अब तक तमिलनाडु राज्य सहित देशभर में आवंटित निधियों एवं व्यय का विवरण निम्नानुसार है;

( राशि करोड़ रुपये में)

| वित्तीय वर्ष | आवंटित धन | किया गया खर्च |
|---|---|---|
| 2016-17 | 118.10 | 118.10 |
| 2017-18 | 350.00 | 346.99 |
| 2018-19 | 500.09 | 342.24 |
| 2019-20 | 578.00 | 575.52 |
| 2020-21 | 328.77 | 338.06 |
| 2021-22 | 869.00 | 764.29 |
| 2022-23 | 600.00 | 596.39 |
| 2023-24 | 880.00 | 872.20 |
| 2024-25 | 746.54 | 620.75 |

(ख) तमिलनाडु के अरनी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देश भर में खेलो इंडिया एथलीट (केआईए), खेलो इंडिया केन्द्रों (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केन्द्रों (केआईएससीई) और खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियों (केआईएए) के साथ-साथ इन केन्द्रों के अंतर्गत आने वाली खेल विधाओं का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ग) और (ङ): मंत्रालय को तमिलनाडु राज्य सरकार से खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत खेल अवसंरचना के विकास हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। खेलो इंडिया स्कीम एक मांग-आधारित स्कीम है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों तथा अन्य पात्र निकायों से प्राप्त प्रस्तावों जिसमें दक्षिणी राज्यों में प्रतिभा पहचान सहायता को सुदृढ़ करने संबंधी प्रस्तावों शामिल हैं, पर वित्तीय सहायता हेतु विचार किया जाता है, बशर्ते वे प्रस्ताव पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता तथा स्कीम के अंतर्गत उपलब्ध निधियों की शर्तों को पूरा करते हों|

(घ): खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत “ग्रामीण एवं देशज/जनजातीय खेलों को प्रोत्साहन” उप-घटक विशेष रूप से देश में ग्रामीण एवं स्वदेशी खेलों के विकास और संवर्द्धन हेतु समर्पित है। इस घटक के अंतर्गत मल्लखम्ब, कलारीपयट्टु, गटका, थांग-टा, योगासन तथा सिलंबम जैसे देशज खेलों को प्रोत्साहन हेतु चिन्हित किया गया है और इन्हें खेलो इंडिया गेम्स का हिस्सा बनाया गया था। इसके अलावा, ‘खेलों के माध्यम से समावेशन को बढ़ावा’ घटक के अंतर्गत “महिलाओं हेतु खेल” उप-घटक विशेष रूप से देशभर में महिलाओं को खेलों हेतु प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है|

*****